Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

- **Year-**15 **Issue-** 29
Ghaziabad, Sunday, 17 December- 2023
- 17 December to 23 December- 2023
- **Page:** 8

- **RNI.No:** UPBIL/2009/28691
- **DAVP Code:** 101473
- **Editor:** Dheeraj Kumar
- **Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 3

Page 5

Page 7


# रहम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सैफरन, इन्दिरपुरम गैलोर, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल और गाजियाबाद सनरेज के सहयोग से सृष्टि इन्स्टिट्यूट को दो रिफरबिशेड कंप्यूटर भेंट किए





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रहम फाउंडेशन ने सहयोगी रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सैफरन, इन्दिरपुरम गैलोर, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल और गाजियाबाद सनरेज के साथ मिलकर सृष्टि इन्स्टिट्यूट के बच्चों को दो रिफरबिशेड कंप्यूटर भेंट किए। इन कम्प्यूटरों का प्रयोग बच्चों को शिक्षा देने के लिए किया जायेगा।

डॉ धीरज भार्गव ने बताया कि जनवरी और फरवरी माह में भी सृष्टि इन्स्टिट्यूट को दो –दो कंप्यूटर दिए जायेंगे। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि विनोद अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एनके भार्ग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने आरएचएएम फाउण्डेशन द्वारा किए जा रहे कार्यो के लिए आरएचएएम फाउण्डेशन के कार्यो की प्रशंसा की।

इस अवसर पर श्रीमती मनीषा भार्गव, प्रतीक भार्गव, योगेश गर्ग, डॉ प्रीति नंदी (सृष्टि इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर) के साथ सृष्टि इंस्टीट्यूट के बच्चे भी उपस्थित रहे।

## आरएचएएम फाउण्डेशन ने रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफरोन व इन्दिरपुरम गैलोर के सहयोग से लगाया पोलियो कैंप




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** भारत सरकार द्वारा अपने नागरिकों को पोलियो से बचाने के लिए पोलियो मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में अपना सहयोग देते हुए आरएमएएम फाउण्डेशन ने रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफरोन, रोटरी क्लब ऑफ इन्दिरपुरम गैलोर के साथ साहिबाबाद पीएचसी सेंटर में पोलियो कैंप का आयोजन किया। कैम्प में ४० बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। आरएचएएम फाउण्डेशन के चेयरमैन व फाउण्डर डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे पोलियो मुक्त अभियान में बच्चों बच्चों को दो बूंद जीवन की जरूर पिलायें।

## परिचित की लाइसेंसी पिस्टल से बना रहा था रील, गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की पुलिस ने बुधवार को पिस्टल हाथ में लेकर रील बनाने वाले सत्यम निवासी डाली की कोठी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद की गई है। बरामद पिस्टल सत्यम के परिचित मोहम्मद आरिफ की थी। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। जिसमें एक युवक रौब जमाने के उद्देश्य से हाथ में पिस्टल लेकर दिख रहा है। पुलिस ने उसकी पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। मोहम्मद आरिफ के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

## 20 दिन में खराब हो गए पांच हजार घरों के मीटर

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** बिजली के नए मीटर उपभोक्ताओं को जोर का झटका दे रहे हैं। दो महीने में ही इनमें रीडिंग आनी बंद हो जाती है। इस तरह से पिछले 20 दिन में ही पांच हजार मीटर खराब हो चुके हैं। ये सभी ठीक होने के लिए परीक्षणशाला भेजे गए हैं। मीटर खराब होने से उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ पड़ रहा है। एक मीटर बदलने के बदले 950 रुपये का भुगतान लिया जाता है। मीटर बदलवाने के लिए भी उपभोक्ता को बिजली घर के कई चक्कर काटने पड़ते हैं।

बम्हैटा निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि उनके घर तीन महीने पहले ही पुराना मीटर हटाकर नया लगाया गया था। कुछ दिन बाद ही इसमें रीडिंग का डिस्प्ले बंद हो गया। ऐसे में मीटर रीडर ने अंदाजे से बिल बनाया, जो बहुत ज्यादा था। ऐसे में बिजली घर में शिकायत की। तब जाकर मीटर बदला गया। विजयनगर के दिनेश सिंह ने बताया कि उनके घर में नया




मीटर लगने के कुछ दिन बाद ही खराब हो गया। मोदीनगर के सीकरी कलां निवासी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि वे तो नए मीटर से तंग आ गए हैं। 15 दिन भी चल नहीं पा रहा। चार महीने में तीन मीटर बदलवा चुके हैं। हर बार 950 रुपये देने पड़ रहे हैं।

एक बार मीटर खराब होने पर उपभोक्ता को नया मीटर लगवाने के लिए नए सिरे से आवेदन करना होता है। नया मीटर लगने में एक से दो सप्ताह का समय लग रहा है। वहीं नए मीटरों में रीडिंग ज्यादा आने पर उपभोक्ताओं को दोगुना तक बिल भरना पड़ रहा है।

# Editorial

## Security lapse or attack inside Parliament?

On 13 December 2023, once again there was a similar chaos in the Parliament as it had happened exactly 22 years ago on 13 December 2001. At that time five terrorists had entered the Parliament House complex. However, he could not enter the Parliament House and was surrounded and killed by security personnel outside. In this terrorist attack, four security forces personnel were killed and 19 were injured. Today, after 22 years, when the Parliament was paying its tribute to the security personnel who sacrificed their lives while protecting the Parliament, once again fear spread in the Parliament House.This time the 'attackers' had reached the audience gallery of the Parliament House. He not only reached there but also spread green smoke with the smoke device he carried hidden in his shoes. The two people who jumped from the audience gallery onto the MPs' benches had reached there near BJP's Mysore MP Pratap Simha. All this would have been considered as a disturbance by two people, if at that very moment two people shouting slogans near the Transport Bhawan outside the Parliament House had not released smoke. This means that what happened inside the Parliament House was not a sudden reaction but was a planned action.According to what is coming out in the initial investigation, not two, not four but a total of 6 people are involved in creating sensation by creating disturbance inside the Parliament House. One of them is Neelam from Haryana, the second is Sagar Sharma from Lucknow, the third is Manoranjan from Karnataka, the fourth is Amol Shinde from Maharashtra and the fifth is Lalit Jha from Bihar. The name of the sixth has not been revealed yet. All these six people had stayed at Lalit Jha's flat in Gurgaon for a few days and had come to Delhi only with the purpose of creating a sensation in the Parliament.These people have known each other for four years through social media and all come from different backgrounds. Everyone is educated, which means whatever they have done has been done very thoughtfully and with planning.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# High-level probe underway into LS security breach: Dhankhar



**New Delhi.** Rajya Sabha Chairman Jagdeep Dhankhar on Thursday informed the House that a high-level probe was underway regarding the security breach in the Lok Sabha.

Dhankhar said Lok Sabha Speaker Om Birla catalysed the investigation which has been set in motion regarding Wednesday's incident when two men jumped into the Lok Sabha chamber from the visitors' gallery when the Zero Hour proceedings were on and sprayed yellow smoke from canisters. He said an FIR has been registered at the instance of the Secretariat.

The issue of security is within the domain of Parliament and is being effectively addressed, Dhankhar said. The Delhi police earlier in the day said an FIR has been filed under sections of the stringent Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA) besides various sections of the Indian Penal Code (IPC).

Causing panic and chaos, the two slogan-shouting intruders descended into the chamber around 1-30 pm and jumped from chair to chair before they were surrounded, thrashed and then handed over to the security staff by the members. Both the intruders, besides two others who took part in a similar protest outside the parliament building around the same time, have been arrested.

A manhunt is on to nab some other people who were allegedly involved in the incident that took place on the 22nd anniversary of the 2001 Parliament terror attack.

The two persons caught inside Parliament have been identified as Sagar Sharma and Manoranjan D. A 42-year-old woman Neelam —a native of Red Square Market in Haryana's Hisar - and a 25-year-old man Amol, an inhabitant of Maharashtra's Latur, allegedly took part in the protest outside Parliament in front of Transport Bhavan with the smoke canisters.

"On request from the Lok Sabha secretariat, the Ministry of Home Affairs has ordered an enquiry of the Parliament security breach incident. An enquiry committee has been set up under Anish Dayal Singh, DG, CRPF, with members from other security agencies and experts," a Home Ministry spokesperson said in a post on X.

"The enquiry committee will investigate the reasons for breaches in the security of Parliament, identify lapses, and recommend further action. The Committee will submit its report with recommendations, including suggestions on improving security in Parliament, at the earliest," the spokesperson said. UNI CM SSP

# Foreign tourists arrivals to reach pre-pandemic level by 2024, RS told



**New Delhi.** With foreign tourist footfalls on the rise, the government hopes that number of such tourists coming to India may reach pre-pandemic level by 2024.

In written reply to a question in Rajya Sabha on Thursday, Union Tourism Minister G Kishan Reddy said that foreign tourist arrivals (FTAs) were 64,32,000 in January-September period of 2023 as compared to 64,37,000 in 2022.

The Minister said that as per the study 'India and the Coronavirus Pandemic: Economic Losses for Households Engaged in Tourism and Policies for Recovery', conducted by the Ministry of Tourism, domestic tourism is likely to reach the pre-pandemic level, by 2024-25.

"Further on the basis of data received from BOI (Bureau of Immigration), Foreign Tourist Arrivals (FTAs) are likely to reach pre-pandemic level by 2024," he said.

Following the outbreak of Coronavirus in early 2020, the government had restricted international flights leading to virtual halt in foreign tourist arrivals. The tourism picked some pace after lockdowns were eased and gradual opening of the skies. In 2021, the total foreign tourist arrivals were only 15,27,000. In order to give a boost to the country's tourism sector, the government has taken several measures including liberalisation of e-visa norms, reduction in visa fees and opening of new mountain peaks for mountaineering and trekking. The USA, Bangladesh, Australia, UK, Canada and Malaysia are among India's top 15 source countries for foreign tourists.

# TMC RS MP Derek O'Brien suspended for remaining winter session



**New Delhi.** Trinamool Congress Rajya Sabha MP Derek O'Brien was on Thursday suspended for the rest of the winter session for 'ignoble misconduct'. An angry Rajya Sabha Chairman Jagdeep Dhankhar named O'Brien and asked him to leave the House immediately after the member entered the well and continuously shouted slogans, demanding discussion on Wednesday's security breach in Parliament by suspending all other business.

The Rajya Sabha had plunged into an uproar soon after convening for the day as the opposition members began a noisy protest with Dhankhar rejecting the 28 notices submitted by them to suspend all other business of the House to discuss the security breach incident. The slogan-shouting opposition members also demanded Union Home Minister Amit Shah come to House and Dhankhar pulled up O'Brien for "gesticulating" and disrupting the proceedings through his "unruly behaviour" and "ignoble misconduct". "I am naming Derek O'Brien. He should leave the House immediately,"

Dhankhar said and adjourned the House till noon. After the House resumed proceedings, the members adopted a motion moved by Leader of the House Piyush Goyal to suspend O'Brien for the remainder of the session.Later, the Rajya Sabha adjourned till 2 pm amid uproar by the Opposition who continued to press for discussion on the security breach incident.

# ePassport project is under testing: Muraleedharan in RS

**New Delhi.** Union Minister of State for External Affairs V Muraleedharan on Thursday told the Rajya Sabha that the ePassport project is under testing and its pilot-launch will commence soon.

In a written reply to a question regarding e-Passport service, Muraleedharan said after the successful pilot launch of e-Passport, it will be rolled out in phases across the country. The ePassport service is not yet launched by the government, the Minister said.

He said e-Passport is a combined paper and electronic passport with an embedded Radio Frequency Identification (RFID) Chip and an antenna embedded as an inlay in the back cover.

The passport's critical information will be printed on its date page as well as stored in the chip. The main benefit of the ePassport is its enhanced ability to maintain the integrity of its data.

The ePassport has the data in printed form on the booklet, as well as digitally stored in the chip, thus making it harder to forge, Minister said in the upper house.

# नंदग्राम स्थित सामुदायिक भवन को निगम अधिकारियों ने किया कब्जा मुक्त, महापौर तथा नगर आयुक्त को पेश की रिपोर्ट

## सामुदायिक भवन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर सदन की बैठक में निर्णय उपरांत हुई कार्यवाही:महापौर

● निगम की संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने का तेजी से चल रहा है अभियान : नगर आयुक्त





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा तेजी से अभियान चलाते हुए निगम की संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है प्रतिदिन चलाए जा रहे अभियान की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी नगर आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत करते हैं, इसी क्रम में नंदग्राम स्थित निगम के सामुदायिक भवन को भी कब्जा मुक्त कराया गया, मौके पर सहायक नगर आयुक्त पल्लवी,ई टी एफ टीम से कर्नल दीपक शरण,संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम व टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट महापौर तथा नगर आयुक्त की समक्ष प्रस्तुत की। संपत्ति प्रभारी द्वारा बताया गया कि महापौर महोदया तथा नगर महोदय के निर्देश अनुसार नंदग्राम स्थित सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त करते हुए निगम द्वारा कब्जे में लिया गया, संपत्ति प्रभारी द्वारा यह भी बताया गया कि माननीय सदन की बैठक में इसका निर्णय लिया जा चुका था जिसके क्रम में कार्यवाही की गई है कई वर्षों से किसी समिति द्वारा अपना कब्जा सामुदायिक भवन पर कर रखा था जिसका संचालन भी वह अवैध रूप से कर रहा था, उक्त सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त कराया गया है जिसको जनहित में उपयोग में लाया जाएगा, जिसका संचालन भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ही किया जाएगा।

महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा संबंधित संपत्ति विभाग के अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार समस्त जोनों में वृहद स्तर पर अभियान चलाते हुए सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं, नंदग्राम का सामुदायिक भवन का संचालन गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जाएगा तथा आसपास क्षेत्रीय निवासियों के लिए सामुदायिक भवन लाभदायक सिद्ध होगा, गाजियाबाद नगर निगम की इस कार्यवाही से क्षेत्रीय निवासियों में काफी राहत है, पार्षद तथा क्षेत्रीय निवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम टीम का धन्यवाद व्यक्त किया।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की मुहिम 'आरटीई के दाखिले' पर बाल आयोग की डीएम पर सख्ती

## बाल आयोग ने डीएम को कारण बताओ नोटिस किया जारी

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा निशुल्क एवम अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 ( आरटीई ) के तहत चयनित बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए प्रयास रुकने का नाम ही नही ले रहे जिसका एक और प्रमाण देखने को मिला मामला है।

गाजियाबाद के नामी स्कूल दिल्ली पब्लिक स्कूल, लोनी साहिबाबाद का जिसमे अभिभावक राहुल की पुत्री का चयन आरटीई एक्ट 2009 की धारा 12 ( 1 ) सी के अंतर्गत मॉर्च महीने में लाटरी के माध्यम से पहली सूची में अलाभित समूह में प्री- प्राइमरी में हुआ था लेकिन सूची को आये 9 महीने बीत जाने के बाद भी जिलाधिकारी से लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी तक स्कूल प्रबंधन की मनमानी के आगे खाली हाथ है। इतना ही नही अपनी बेटी की शिक्षा के लिए पिता को स्कूल प्रबंधन द्वारा जाती सूचक शब्दो की यातना भी झेलनी पड़ी लेकिन तमाम मीटिंग और कोशिशों के बाद भी




ना तो जिले के बड़े अधिकारी बच्ची का दाखिला ही करा पाये और ना ही स्कूल पर कार्यवाई करने की हिम्मत दिखा सके।

इस पूरे प्रकरण की शिकायत गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार सरक्षंण आयोग , नई दिल्ली से की गई जिस पर आयोग द्वारा जिलाधिकारी को लगातार दो पत्र भेजकर दाखिले पर जबाब मांगा गया लेकिन डीएम द्वारा आयोग को कोई जबाब नही भेजा गया है जिस पर अब आयोग ने सख्ती दिखाते हुये तीसरे पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 5 दिन के अंदर जबाब मांगा है और नही देने पर सी.पी.सी.आर अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत कार्यवाई की चेतावनी दी है। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह का कहना है आरटीई के शत शत दाखिले कराने की पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार और जिले के अधिकारियों की है आरटीई के तहत चयनित एक भी बच्चा शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित नही रहना चाहिए ।

हम उम्मीद करते है कि आयोग के कारण बताओ नोटिस को जिलाधिकारी गंभीरता से लेकर बच्ची का दाखिला कराएंगे और दाखिला नही लेने पर स्कूल पर सख्त कार्यवाई करने का पत्र आयोग को भेजेंगे ।गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा के लिए जीपीए के प्रयास जारी रहेंगे।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए: जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा जन शिकायतें सुनी। इस मौके पर आरटीई के तहत लाभार्थी छात्र को दाखिला ना देने की शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने स्कूल को दाखिला ना लेने स्पष्टीकरण मांगते हुए नियमों के तहत दाखिला करने के लिए निर्देशि किया।

वहीं कुछ लोगों द्वारा भूमि विवाद को लेकर भी शिकायतें दी गयी। जिलाधिकारी ने सम्बंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि उक्त मामलों की जांच करते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए गुणवत्ता से शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए। वहीं एक शिकायत में जीडीए द्वारा अवैध निर्माण के तोड़े जाने को लेकर शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता से कहा कि वह जीडीए से नक्शा पास कराकर निर्माण करें और वैद्य तरीके से निर्माण करवायें। इसके साथ ही अनेक प्रकार की शिकायतें शिकायतकताओं द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित की गई। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही अनेक समस्याओं का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकताओं की शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

# अवैध कॉलोनी पर चला जीडीए का पीजा पंजा







टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को मटियाला इलाके में अवैध मकान व प्लाटिंग की साइट पर बुलडोजर के द्वारा कार्रवाई की गई।

कुछ समय से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को सूचना मिल रही थी कि मटियाला इलाके में कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनी को काट रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में अवैध निर्माण भी कराया जा रहा हैं। इसी सूचना पर ओएसडी गुंजा सिंह ने मौके में पहुंचकर कार्रवाई करा कर एक बड़ा संदेश दिया है।

साथ ही कोलोनाइजर के बढ़ते होसलो को भी ध्वस्त भी किया है। लेकिन अब देखने वाली बात होगी इस बड़ी कार्यवाही के बाद क्या दुबारा कोलोनाइजर अवैध कार्य को कराएंगे या फिर ओएसडी के डर से गाजियाबाद क्षेत्र को छोड़ कर कही और अवैध पॉलिटिंग और अवैध निर्माण का कार्य जारी रखेंगे ?

# मेवाड़ में 'गुणवत्ता अवधारणा' पर एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

## 15 संस्थानों की 31 टीमों के 111 सदस्यों ने भाग लिया





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया दिल्ली चैप्टर के सहयोग से गुणवत्ता अवधारणाओं पर आयोजित ३४वें चैप्टर सम्मेलन में 1६ संस्थानों की ४२ टीमों के २२२ सदस्यों ने भाग लिया और प्रस्तुतीकरण के माध्यम से केस अध्ययन, सफलता की कहानियां अन्य संस्थानों, विद्यार्थियों और फैकल्टी से साझा की। इस मौके पर गेल इंडिया लिमिटेड कंपनी के चीफ जनरल मैनेजर एमके तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि फाइव एस से शुरू करके विभिन्न अवधारणाओं को आवश्यकता के अनुसार अपनायें। क्यूसीएफआई के सचिव डॉ. पुरोहित ने बताया कि क्यूसीएफआई दिल्ली चैप्टर के चेयरमैन जी. वेंकटरमणन का विजन है कि हम उन शैक्षणिक संस्थाओं तक पहुंचें जो भविष्य की पीढ़ी को तकनीक और बौद्धिक कुशलता के साथ विकसित कर रही हैं ताकि यह नई पीढ़ी भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाए। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि हमारे मेवाड़ इंस्टीट्यूट का भी यही प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान ही इतना सक्षम कर दिया जाए ताकि वह कॉरपोरेट वर्ल्ड में जाते ही चुनौतियों का सामना कर सकें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने मेवाड़ संस्थान के समाज के लिये किये गये 25 वर्षों के योगदान का उल्लेख किया और भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिये निरंतर किये जा रहे सुधार के प्रयासों की जानकारी दी। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्लेसमेंट हैड हर्षवर्द्धन शर्मा ने मेवाड़ के विद्यार्थियों की रोजगार संबंधी उपलब्धियों की जानकारी दी। सम्मेलन के चेयरमैन एवं चीफ ज्यूरी अनिरुद्ध कौशिक ने कहा कि हमें आज यहाँ से कुछ नया सीखकर जाना है। उन्होंने चारों जजों संजीव भारद्वाज मिंडा, रेवती रमन सुब्रोस, सुनील कोहली बेल, सचिन गुप्ता टाटा पावर का परिचय दिया और कार्यक्रम की गतिविधियों की जानकारी दी। सम्मेलन में भागीदार मिंडा ग्रुप, टाटा पावर, संधार, जेएसडब्ल्यू, मदरसन, रूप पोलिमर, मेट्रो, एनटीपीसी, जेसीबी और कृष्णा मारुति आदि संस्थानों के प्रतिनिधियों को क्यूसीएफआई ने अवार्ड भी दिये। कार्यक्रम में मेवाड़ के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर मैनेजमेंट बोर्ड के सदस्य अर्पित महेश्वरी समेत मेवाड़ परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम ग्राम सौंदा व ग्राम पैंगा में सम्पन्न

## किसान रविंद्र, शरद और प्रदीप के सरसों के खेतों में किया गया नैनो यूरिया के स्प्रे का प्रदर्शन







**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम सौंदा में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी व ग्राम पैंगा में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रत्याशी नीरज त्यागी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रधान मंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों मनोज त्यागी, मूलचंद त्यागी, हरिप्रकाश त्यागी, रामशरण त्यागी, शरद, विष्णु, नरेंद्र कुमार, ओमपाल, वेदप्रकाश आदि को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान मनोज त्यागी व शरद ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है।

ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के स्प्रे का प्रदर्शन किसान रविंद्र पुत्र भिक्कन, शरद पुत्र धीरेंद्र और प्रदीप पुत्र रूपचंद के सरसो के खेत पर किया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ- ये देश हैं वीर जवानों का, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी।

स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# न्यायालय में लम्बित केसों का प्रभावी ढंग से पैरवी करायेः जिलाधिकारी




**टीबीसी न्यूज**

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की कानून व्यवस्था एवं एंटी भू-माफिया के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की गहन समीक्षा की। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पास्को एक्ट, एससी एसटी एक्ट, जिला बदर, गैंगस्टर तथा अन्य प्रमुख अपराधों जैसे हत्या, डकैती, लूट आदि केसों पर तेजी से कार्यवाही की जायें। दर्ज केसों के वर्क आउट पर विशेष जोर देने की आवश्यकता हैं। इसके लिए न्यायालय में लम्बित केसों की प्रभावी ढंग से पैरवी की जायें।

दर्ज केसों की विवेचना निर्धारित समय अवधि में किया जायें साथ ही विवेचन प्रक्रिया में तेजी लायी जायें। उन्होंने कहा कि पास्को एक्ट के तहत दर्ज केसों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए गिरफतारी पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है, गिरफतारी से अपराधी जेलों में होते हैं जिससे अपराधों की संख्या में कमी आती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी केस के मुख्य अपराधी को जेल भेजने के पश्चात उनके सहअभियुक्तों तथा सहयोगियों पर भी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें अन्यथा सहअभियुक्तों तथा सहयोगियों मुख्य अपराधी के प्रतिनिधि के तौर पर अपने गैंग को संचालित करने लगते हैं। जिससें कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी होती हैं। उन्होंने जनपद में अवैध खनन रोकने के लिए सभी उपजिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए साथ ही संयुक्त अभियान गोपनीय ढ़ग से संचालित किया जायें।

एंटी भू माफिया पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि एंटी भू माफिया पर कार्यवाही मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। अतः सभी अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने सभी अधिकारियों से उनके विभाग की अतिक्रमित भूमि की सूचना सम्बन्धित अधिकारी को गाटावार विवरण सहित देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एंटी भूमाफिया पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढ़ग से निस्तारण किया जाए जिससे सूचना पुनः दर्ज न की जाये।

जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम तथा सीओ से भूमाफियाओं को चिन्हित करके कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि रा संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्स्ना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस उपधीक्षक, थाना प्रभारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस पत्नी को छोड़ फरार हो गया पति

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की सोसायटी में एमबीबीएस पत्नी को छोड़कर उसका पति फरार हो गया। पत्नी ने पति पर धोखा देकर शादी करने और फिर छोड़कर चले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने युवक के परिवार को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया है। दोनों पक्षों से बात करने के बाद पुलिस समस्या के समाधान की बात कह रहे हैं। सोसायटी में रहने वाली एमबीबीएस युवती की जान पहचान पास प्रोपर्टी का काम करने वाले युवक से हो गई थी। दोनों ने परिवार को बिना बताए शादी कर ली। पत्नी हाल ही में थाने पहुंची और पुलिस को बताया कि उसका पति पिछले दो माह से उसे छोड़कर कहीं चला गया है और उसने धोखा देकर उससे शादी की। अब अपने मोबाइल भी बंद कर लिए हैं। अपनी पढ़ाई के बारे में भी उसने सच नहीं बताया। पुलिस ने पूछताछ के लिए युवक के पिता को बुलाया तो उन्होंने पुलिस को बताया कि अपने बेटे को उन्होंने पहले की बेदखल कर दिया था। उससे उनका कोई संबंध नहीं है। अब पत्नी-पति की पैतृक संपत्ति में अपना हक मांग रही है। पुलिस ने संपत्ति में हक के लिए कोर्ट आने की बात कही है। इस मामले में पत्नी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर मदद करने की मांग की है।

# रैन बसेरा, कर वसूली तथा अवैध विज्ञापन को लेकर नगर आयुक्त ने अधिकारियों से की समीक्षा

**टीबीसी न्यूज**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम की योजनाएं धरातल पर सफल हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है जिसके क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक प्रतिदिन कैंप कार्यालय पर अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हैं, जिसके फल स्वरुप धरातल पर योजनाएं सफल होती दिखाई दे रही है, कैंप कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में रैंन बसेरो की व्यवस्था, अवैध विज्ञापन, तथा कर वसूली को लेकर संबंधित अधिकारियों से कार्यवाही रिपोर्ट ली गई।

जोनल प्रभारियो की देखरेख में कर वसूली को लेकर विशेष अभियान चल रहे हैं अवकाश दिवसों में भी कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसकी प्रतिदिन वसूली रिपोर्ट नगर आयुक्त द्वारा देखी जा रही है तथा कर के साथ करेत्तर पर भी विशेष कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, अपने-अपने जोन में अवैध रूप से लगे हुए विज्ञापन पट को हटाने के लिए भी नगर आयुक्त द्वारा योजना बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए, बढ़ती ठंड में निराश्रित के लिए रेन बसेरों में पुख्ता इंतजाम करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संबंधित प्रभारी अधिकारियों की रिपोर्ट जांचते हुए कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए गए बैठक में समस्त जोनल प्रभारी, मुख्य अभियंता निर्माण, विज्ञापन प्रभारी, व अन्य उपस्थित रहे, डूडा विभाग से विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुये आगामी योजना बनाई।

# गीत, गजल, कविता के जरिए 'बारादरी' में याद किए गए से. रा. यात्री

## राजमहलों में तुम्हारी चल रही है मंथराओं, तुम मुझे बनवास दिला दो बड़ा अहसान होगा : गुनवीर राणा

**टीबीसी न्यूज**



**गाजियाबाद।** मशहूर शायर, कवि व गीतकार गुनवीर राणा ने 'महफिल ए बारादरी' को खुलूस और मोहब्बत का ठिकाना बताया। बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष उन्होंने कहा कि वह तमाम मंचों से अपनी रचनाएं पेश कर चुके हैं, लेकिन 'महफिल ए बारादरी' असल में अदीबों का ठिकाना है। अपने गीत के हर बंद पर दाद बटोरते हुए श्री राणा ने कहा 'राजमहलों में तुम्हारी चल रही है मंथराओं, तुम मुझे बनवास दिला दो बड़ा अहसान होगा।' मुख्य अतिथि सुविख्यात कवयित्री नीना मिश्रा ने भी मंथरा को लक्षित कर रचना प्रस्तुत करने के साथ शून्यवाद के सिद्धांत को परिभाषित करते हुए ध्यानाकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जीवन का कोई अंतर्निहित अर्थ नहीं होता। प्रत्येक व्यक्ति पर यह निर्भर है कि वह अपना उद्देश्य निर्धारित करे। जो यात्रा, रिश्तों, कला, कार्य या किसी अन्य गतिविधि के माध्यम से भी संपन्न हो सकता है।

नेहरू नगर स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में संस्था की संस्थापिका डॉ. माला कपूर 'गौहर' ने अपनी पंक्तियों 'जो दिल पे गुजरती है बताने के नहीं हम, और ये भी सुनो जान से जाने के नहीं हम। किस शान से ये तुमने कभी हमसे कहा था, ह्यगौहरह्ल सा कोई और बनाने के नहीं हम', पर भरपूर दाद बटोरी। उनके अशआर 'ये किसका गुमां है तसव्वुर के आगे, मुहब्बत जवां है तसव्वुर के आगे। तसव्वुर की हद तक रहो तुम भी ह्यगौहरह्ल, बड़े इम्तिहां हैं तसव्वुर के आगे' भी भरपूर सराहे गए। कार्यक्रम की शुरूआत आशीष मित्तल की सरस्वती वंदना 'मां सरस्वती, हंस वाहिनी, ज्ञान कुंज प्रकाशनी...' से हुई। मशहूर शायर सुरेंद्र सिंघल ने अपनी पंक्तियों 'शाम ढले से बैठी हैं दरवाजे पर दो गीली आंखें, वो आए तो दिनभर का रुठा चूल्हा मुस्काए शायद' पर खूब दाद बटोरी। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन करने वाली दीपाली जैन 'जिया' ने फरमाया 'मैं जल्द संभल जाऊंगी, चिंता न तुम करो, पहले सी खिलखिलाऊंगी, चिंता न तुम करो। आदत है मेरी करना यकीं बन्द नजर से, फिर से फरेब खाऊंगी, चिंता न तुम करो।' कार्यक्रम के संयोजक आलोक यात्री ने पिता को समर्पित मार्मिक कविता 'काश! होती बारीश' से सभी को भावुक कर दिया। वहीं मासूम गाज़ियाबादी ने साहित्यकार से. रा. यात्री की स्मृति को कुछ यूं याद किया 'चमन में बुलबुल ओ गुल की ये गुफ्तगू सुनी मैंने, हंसीं में जी नहीं लगता, रुदन में जी नहीं लगता, चमन में आना जाना तो लगा रहता है माली का, मगर कुछ ऐसे जाते हैं चमन में जी नहीं लगता।' सोनम यादव ने कहा 'वक्त है क्रूर सबको ही छल जायेगा, धूल सबके ही मुखड़ों पे मल जायेगा, वक्त से जीत कर कोई जा न सका, कोई अब जा रहा कोई कल जायेगा।'

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न

# हिण्डन नदी के किनारे रिक्त पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण करवायें वन विभाग: डीएम





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की मासिक बैठक महात्मा गाँधी सभागार, कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उक्त बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद, उप वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों तथा नामित एवं पदेन सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में विगत माह के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा हिंडन नदी के किनारे गाजियाबाद जनपद के मटौर से लेकर छिजारसी तक नगर निगम क्षेत्र अथवा ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य करने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए गए तथा अर्जुन तथा पहाड़ी बांस के वृक्षों का रोपण करवाए जाने की बात कही गई। पर्यावरण से सम्बंधित समीर ऐप्प पर लंबित शिकायतों का तय समय सीमान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। अध्यक्ष महोदय द्वारा आगामी बैठक से पूर्व सभी विभागों द्वारा वर्ष 2023 में पर्यावरण संरक्षण में योगदान हेतु किये गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गई सड़कों की सफाई तथा उनके किनारे स्थित वृक्षों पर पानी के छिड़काव हेतु उपयोग की जा रही सीवर जेट मशीनों का ब्यौरा प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए नगर निगम, नगर पालिका तथा नगर पंचायतों द्वारा की गयी कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में अवगत करवाया गया कि वर्तमान में वायु प्रदुषण की रोकथाम हेतु दिल्ली तथा एनसीआर क्षेत्रों में ऋक्ष्फअढ-क्कलागू किया गया है, अतः तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

हिण्डन नदी को प्रदूषण मुक्त करने तथा घाटों की स्वच्छता एवं हिण्डन नदी के किनारे खाली पढ़ी उपयुक्त भूमि चयनित कर वृक्षारोपण हेतु तत्काल वन विभाग को उपलब्ध करायी जाये, ताकि आगामी वृक्षारोपण सत्र से पूर्व वृक्षारोपण से संबंधित तैयारियां यथासमय पूर्ण की जा सकें।

उत्थान समिति के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह (पर्यावरण विद्) ने आज ज़िला पर्यावरण समिति एवं ज़िला गंगा समिति की बैठक में भाग लेते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग के द्वारा किए गये वृक्षारोपण का सोशल ऑडिट अनिवार्य किया जाये।

विभाग एक ही जगह पर प्रत्येक वर्ष पौधे लगाकर खानापूर्ति करते हैं। जिसका कोई लाभ नहीं है। वन विभाग का कहना है कि उसके द्वारा लगाये गये पौधों का तो सैटेलाइट से सत्यापन हो जाता है और यदि सेम जगह है तो वो एक्सेप्ट ही नहीं करता है। लेकिन विभागों के लिये ऐसा कोई सिस्टम नहीं है। उत्थान समिति के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह (पर्यावरणविद्) ने इसके लिए एक सिस्टम बनाने के लिए जोर दिया ताकि प्रत्येक विभाग द्वारा लगाये गये पौधों का सत्यापन किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से मनीष सिंह डीएमओ, योगेन्द्र प्रताप सिंह डीआईओ, डॉ.अनुज कुमार सिंह नगर निगम सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ग्राम सुल्तानपुर व ग्राम भदौली में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन






**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम सुल्तानपुर व ग्राम भदौली में किया गया। जिसमें मुख्य अथिति माननीय अपर सचिव कृषि मंत्रालय भारत सरकार फैज अहमद किदवई जी, माननीय विधायक अजीत पल जी,माननीय ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी जी और माननीय मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई।

कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों नवीन, राजकुमार, ब्रह्मपाल, मनवीर, रविदत्त त्यागी, ब्रह्मपाल, कपिल त्यागी को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान राजकुमार व रविदत्त त्यागी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के स्प्रे का प्रदर्शन किसान मनवीर पुत्र पीतम के सरसो के खेत पर किया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ- ये देश हैं वीर जवानों का, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी।

स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया।

# मेवाड़ में मानवाधिकार दिवस समारोह आयोजित

## सरकारें नागरिकों को जीने के समान अधिकार दें: राजीव

**टीबीसी न्यूज**



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट की ओर से मेवाड़ ऑडिटोरियम में आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य राजीव जैन ने कहा कि मानवाधिकार आयोग को सालभर में देशभर से एक लाख शिकायतें लोगों की मिलती हैं इनमें से 70 हजार मानवाधिकार से संबंधित नहीं होतीं। लिहाजा आयोग उनको या तो रिजेक्ट कर देता है या संबंधित विभागों को भेज देता है। उन्होंने खनन के मामलों में सांस की दिक्कतों, आपसी विद्वेष, बाल एवं महिला यौन शोषण जैसे मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अपील की कि सरकारें इन मामलों के प्रति गंभीरता बरतें और सभी नागरिकों को जीने के समान अधिकार दें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि मानवाधिकारों की सुरक्षा को लेकर देश के लोग जागरूक बनें। इसके लिए मानवाधिकारों की लोगों को सही जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए यह अधिकार अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिकार वे नहीं जो आपको प्रदान किए जाएं, अधिकार वे हैं जो आपसे कोई छीन न सके। मानवाधिकार कानून मानव को सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। अगर 20 प्रतिशत लोग 80 प्रतिशत लोगों के हकों को मारने पर तुले रहे तो हम पाषाण युग की ओर धकेल दिये जाएंगे। सहिष्णुता जैसे मुद्दे को गंभीरता से सोचना होगा। इस मौके पर डा. गदिया एवं मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि राजीव जैन को मेवाड़ की ओर से गुलदस्ता, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

समारोह में लॉ के विद्यार्थियों आशुतोष रस्तोगी, अक्षत मोंगा, आयुषी त्यागी, खुशी झा, रिमझिम भटनागर आदि ने मानवाधिकारों के महत्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट का शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन यशिका तोमर ने किया। अंत में मेवाड़ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 75वें पीआरडी स्थापना दिवस पर हुआ समारोह का आयोजन

**टीबीसी न्यूज**





**गाजियाबाद।** 75वें पीआरडी स्थापना दिवस(हीरक जयंती) समारोह का आयोजन मंडलीय पीआरडी प्रशिक्षण केंद्र गाजियाबाद में आयोजित किया गया। जिसमें सभी विकास खंडों की ग्रामीण कंपनियों के चयनित 66 पीआरडी जवानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पीआरडी जवानों के खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता रहे जवानों को मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना सक्सेना पुलिस उपायुक्त मुख्यालय रहीं। जिनके द्वारा पीआरडी जवानों की परेड की सलामी ली गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर जेपी सिंह जिला कमांडेंट पीआरडी, सर्वेश सिंह बीओ कार्यक्रम प्रभारी, श्रीमती नूतन सोनकर बीओ भोजपुर, श्रीमती ऋचा तिवारी बीओ मुरादनगर एवं विजय सिंह वरिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

# सर्दियों में बच्चों के लिए बेहद फायदेमंद हैं ये ड्राई फ्रूट्स, स्वाद के साथ मिलेगी सेहत



**सर्दियों के मौसम में लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दी के मौसम में किस तरह से आप बच्चों की इम्यूनिटी पावर को बढ़ा सकते हैं।**

**अनन्या मिश्रा**

मौसम में बदलाव आने के साथ बड़ों से लेकर बच्चों तक को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। क्योंकि मौसम में बदलाव आने के साथ ही हमें कई तरह की बीमारियां घेरने लगती हैं। सर्दियों के मौसम में लोगों को सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में बच्चों की सेहत का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि छोटे बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर होती है। जिसके कारण वह जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दी के मौसम में किस तरह से आप बच्चों की इम्यूनिटी पावर को बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही यह भी जानेंगे कि बच्चों को की सेहत के लिए कौन से ड्राई फ्रूट्स फायदेमंद होते हैं।

### बादाम

बादाम बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों के लिए भी यह लाभकारी होता है। बादाम में विटामिन ए, विटामिन बी2, प्रोटीन और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं ठंड के मौसम में बादाम के सेवन से खांसी और कफ में फायदा मिलता है। वहीं इसमें कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है।

### छुहारे

सर्दी के मौसम में वायरस से बचाने के लिए बच्चों को छुहारे खाने के लिए देना चाहिए। छुहारे में मिनरल्स और विटामिन की प्रचुर मात्रा पायी जाती है। जो बच्चों के शरीर को अंदर से गर्म रखने में मदद करते हैं। अगर आप रोजाना बच्चे को छुहारा खाने के लिए देते हैं। तो इससे बच्चों की इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है।

### अखरोट

अखरोट में विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। सर्दी में बच्चों को अखरोट खिलाने से इम्यूनिटी पावर मजबूत होती है और वह जल्दी बीमार नहीं होते हैं। बता दें कि अखरोट में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर का कैंसर से बचाव करते हैं और त्वचा को नमी देने का काम करते हैं।

### काजू

सर्दियों में काजू का सेवन कई तरह की बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। वहीं काजू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बच्चों के चेहर पर निखार लाने में सहायक होता है। काजू स्वाद में भी अच्छा होता है, जिसके कारण बच्चे इसे चाव से खाते हैं।

### खजूर


सर्दी के मौसम में न सिर्फ बच्चों बल्कि बड़ों की सेहत के लिए खजूर काफी फायदेमंद होता है। खजूर में आयरन, कैल्शियम, मिनरल्स और अमीनो एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से बच्चों की हड्डियां मजबूत होती है।

### बच्चों को ऐसे खिलाएं ड्राई फ्रूट्स

अगर आप सोच रही हैं कि बच्चों को किस तरह से ड्राई फ्रूट्स खिलाएं, तो आप बादाम शेक बनाकर उन्हें दे सकती हैं। इसके लिए बादाम और किशमिश रातभर के लिए भिगो दें। फिर सुबह इन्हें बच्चों को खिलाएं। इसके साथ ही आप बच्चों को ड्राई फ्रूट्स की स्मूदी बनाकर भी दे सकती हैं।

## सूखे नींबू को फेंकने की जगह ऐसे करें रियूज

नींबू का इस्तेमाल हम सभी अपनी कई डिशेज में करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि अगर ढेर सारे नींबू एक साथ ले आएं तो इससे वे सूखने लगते हैं। इन सूखे हुए नींबू को डिश में इस्तेमाल करने का मन नहीं होता है, इसलिए हम बिना सोचे-समझे इन्हें बाहर कर देते हैं। जबकि वास्तव में ये सूखे हुए नींबू भी कई तरह से इस्तेमाल किए जा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप सूखे हुए नींबू को किस तरह से रियूज कर सकते हैं-



**अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है।**

### बनाएं इंफ्यूज्ड वाटर

अगर आपको प्लेन पानी पीना अच्छा नहीं लगता है तो आप सूखे हुए नींबू की मदद से इंफ्यूज्ड वाटर तैयार करें। इसके लिए आप पानी के जार में सूखे नींबू के टुकड़े डालें। साथ ही साथ, आप इसमें अपनी पसंद से कुछ हर्ब्स भी मिलाएं। यह पानी आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में भी मदद करेगा।

### बनाएं साइट्रस ऑयल

साइट्रस ऑयल बनाने के लिए सूखे हुए नींबू या फिर उसके सूखे छिलके को जैतून के तेल के साथ मिलाएं। आप इसे सलाद के लिए ड्रेसिंग या फिर मीट और सब्जियों के लिए मैरिनेड के रूप में उपयोग करें।

### बनाएं होममेड क्लीनर

अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है।

### करें कॉकटेल गार्निश

अपने कॉकटेल को गार्निश करने के लिए आप सूखे नींबू की स्लाइस का इस्तेमाल कर सकते है। वे आपकी ड्रिंक को ना केवल देखने में अट्रैक्टिव लगती है, साथ ही साथ इससे उनका टेस्ट भी काफी अच्छा हो जाता है।

### करें चॉपिंग बोर्ड की क्लीनिंग

चॉपिंग बोर्ड का इस्तेमाल यूं तो हम सभी हर दिन करते हैं, लेकिन अक्सर उसकी क्लीनिंग पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। जिसके कारण चॉपिंग बोर्ड जल्द की गंदा नजर आता है। ऐसे में उसे दोबारा अच्छी तरह क्लीन करने के लिए सूखे हुए नींबू का इस्तेमाल करें। आपको बस इतना करना है कि आप सूखे हुए नींबू को बीच में से काट लें। फिर उसे चॉपिंग बोर्ड पर रब करते हुए क्लीन करें।

## सर्दियों में बच्चों संग बना रहे घूमने का प्लान तो इन बातों का रखें ख्याल, सफल हो जाएगी यात्रा



**सर्दियों में कई पेरेंट्स बच्चों के साथ हिल स्टेशन तो कुछ रेगिस्तान में घूमने के लिए जाते हैं। हांलाकि सर्दियों में बच्चों के साथ घूमने जाने के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना होता है। ऐसे में कुछ टिप्स को फॉलो कर आप अपनी जर्नी को सेफ बना सकते हैं।**

लगभग हर किसी को घूमना-फिरना काफी पसंद होता है। वहीं बच्चे भी अक्सर पेरेंट्स से घूमाने ले जाने की जिद करते रहते हैं। वहीं कई पेरेंट्स बच्चों के साथ घूमने के लिए भारत की कई हसीन जगहों पर जाते हैं। जहां सर्दियों में कई पेरेंट्स बच्चों के साथ हिल स्टेशन तो कुछ रेगिस्तान में घूमने के लिए जाते हैं।

हांलाकि सर्दियों में बच्चों के साथ घूमने जाने के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना होता है। क्योंकि सर्दियों में बच्चों की तबियत जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में अगर आप सर्दियों के मौसम में बच्चों संग घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बच्चों के साथ घूमने जाने के दौरान कुछ ध्यान रखने वाले टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इस टिप्स को फॉलो कर आप कई समस्याओं से बच सकते हैं।

### मौसम का रखें खास ख्याल

अगर आप भी बच्चों के साथ ट्रिप प्लान कर रहे हैं। तो आप जिस जगह जा रहे हैं, वहां के मौसम के बारे में जानकारी जरूर ले लें। क्योंकि कई जगहों पर सर्दियों में अचानक बारिश होने लगती है। इसलिए हिल स्टेशन जाने से पहले मौसम के बारे में जरूर देख लें। क्योंकि अगर आप मौसम की जानकारी नहीं लेते हैं, तो आपके बच्चों की तबियत खराब हो सकती है। इसलिए आपकी ट्रिप के दौरान मौसम कैसा रहने वाला है। इस बात की जानकारी जरूर रखें।

### पैक कर लें गर्म कपड़े

हिल स्टेशन घूमने जाने के दौरान गर्म कपड़ों को पैक करना न भूलें। घूमने जाने के दौरान स्वेटर, वूलन टोपी, वूलन जैकेट,दस्ताने और रेन कोट पैक कर लें। इसके अलावा जूते (विंटर बूट्स) और 2-3 जुराबें, स्कार्फ, मफलर जरूर पैक करें। इसके अलावा 1-2 कंबल भी जरूर पैक करें।

### थर्मल फ्लास्क रखना न भूलें

सर्दियों के मौसम में हिल स्टेशन आदि जैसी जगहों पर नॉर्मल पानी मिल पाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में थर्मल फ्लास्क आपके लिए जरूरी हो जाता है। क्योंकि इसमें पानी लंबे समय तक गर्म रहता है। ऐसे में अगर कहीं पर आपको किसी जगह पर गर्म पानी नहीं मिलता है। तो थर्मल फ्लास्क आपके काम आ सकता है।

### जरूर रख लें फर्स्ट एड बॉक्स

अगर आप भी सर्दियों में हिल स्टेशन घूमने जाने के दौरान बच्चे को सर्दी-जुकाम आदि से दूर रहना चाहते हैं। तो फर्स्ट एड बॉक्स जरूर पैक कर लें। फर्स्ट एड बॉक्स में खांसी, सर्दी-जुकाम, बुखार, उल्टी और दर्द आदि की दवा जरूर रख लें। इसके अलावा कटने-फटने की दवाइयां भी रख लें।

### इन बातों का रखें खास ख्याल

- सर्दियों में बच्चों संग 2-3 दिन घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो टिकट पहले से बुक कर लें। साथ ही होटल आदि की बुकिंग भी पहले से कर लें।
- सफर में बच्चों के लिए स्नैक्स और फल आदि भी पैक कर लें।

# महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रही खिलाड़ियों ने स्कूल स्टेट में जीते 9 पदक

## पूनम विश्नोई के नेतृत्व में चल रहा है 'खेलो इंडिया' के तहत 30 बालक–बालिका खिलाड़ियों का प्रशिक्षण





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** केन्द्र सरकार की 'खेलो इंडिया' योजना के अन्तर्गत गाजियाबाद के महामाया स्पोटर्स स्टेडियम में पूनम विश्नोई कोच के नेतृत्व में 30 बालक–बालिकाओं सहित अन्य खिलाड़ियों का प्रशिक्षण लगातार सुचारू रूप से चल रहा है। खेलो इंडिया लीग के तहत वूमेंस जूडो लीग जम्मू कश्मीर में आयोजित कार्यक्रम में महामाया स्पोटर्स स्टेडियम की आकृति मलिक व आंचल ने प्रतिभाग किया, जिसमें आकृति मलिक का टॉप–8 में सिलेक्शन हुआ। स्कूल नेशनल गेम्स अंडर–14 में जतिन ने कास्य पदक प्राप्त किया तो वहीं तुषार बंसल ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी में कास्य पदक प्राप्त किया। स्कूल स्टेट में साक्षी, अंशिका, नीरज कश्यप, रिया कश्यप, हर्ष सहित अन्य खिलाड़ियों ने 09 स्वर्ण पदक प्राप्त किए गए। केन्द्र सरकार की योजना खेलो इंडिया के तहत हॉकी में इंडिया कैंप के लिए विनोद एवं गोविन्द नेगी का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी हरियाणा के लिए चयन हुआ। इसके साथ ही तृप्ति राजपूत ने पैरा एथलेक्टिस में कास्य पदक जीता। सभी विजेता खिलाड़ियों का उप क्रीड़ा अधिकारी पूनम विश्नोई सहित अन्य प्रशिक्षको तथा खिलाड़ियों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप आगरा में आयोजित प्रतियोगिता में अर्जुन मलिक सिल्वर मेडल, शिवम कास्य पदक, अभिनव कास्य पदक जीते। बॉक्सिंग यूथ स्टेट में बरेली में शिवम कुमार सिल्वर मेडल, अभिनव तोमर ने सिल्वर, राहुल शर्मा ने कास्य पदक व पुर्नदे सिंह सिल्वर मेडल जीता। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता में मेरठ मण्डल की टीम में महामाया स्पोट्स स्टेडियम के 6 खिलाड़ियों रवीन चौधरी, अक्षत शर्मा, नमन डबास, रिंकू, वरूण, साजिद, रोहित (आरक्षित) का चयन हुआ।

प्रभारी खेल अधिकारी पूनम विश्नोई ने बताया कि उपरोक्त सभी खिलाड़ी महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद में उनसे ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मैडल जीतने का यह क्रम दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। प्रभारी खेल अधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन कर सभी पदक विजेताओं का भव्य स्वागत किया और चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं दी। स्वागत करने वालों में विभा चौधरी नेट बॉल कोच (अंशकालिक), सुमित यादव फुटबॉल कोच (अंशकालिक), राजन बॉक्सिंग कोच (अंशकालिक), स्वेता चौहान हॉकी कोच (अंशकालिक), प्रिया ठाकुर क्रिकेट कोच (अंशकालिक), विरेन्द्र, राकेश, सीताराम, विमला, (स्टेडियम स्टॉफ), अंशिका, उत्तम, कल्पना गिरि, धनिता सहित अन्य प्रशिक्षक व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# शूटिंग खेल का शुभारम्भ



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** श्रीमती अनीता अग्रवाल सदस्या राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रजापुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़े के अंतर्गत 10 मीटर शूटिंग खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया माननीय अध्यक्ष द्वारा महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों किये गये उत्कृष्ट कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि बालिकायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नही हैं। हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के अनुसार निरन्तर आगे बढ रही हैं। उन्होंने सभी बालिकाओं को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बेटियां शक्ति, समृद्धि व प्रगतिशील बने।

जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पहली बार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत इस तरह के खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ किया जा रहा है। इस आयोजन से छात्राओं में आत्मविश्वास में वृद्धि व फिजिकल फिटनेश के साथ खेलों के प्रति रूझान बढेगा। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ पी यादव जी द्वारा बताया गया की बच्चियों को आगे बढाने में उनकी माताओं का विशेष सहयोग रहता है।

बालिकाओं को उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए कहा गया और बताया गया कि अपनी शिक्षा के दम पर ही वह किसी भी क्षेत्र में उन्नति कर सकती हैं ,और किसी भी मुकाम पर पहुंच सकती है और इसके साथ ही बालिकाओं के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 181 ,1098, 112 ,वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ' विधालय में खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर सर्वेश कुमार,डीसी बालिका शिक्षा कुणाल मुदगल और महिला कल्याण आधिकारी नेहा वालिया यह सभी आधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल द्वारा किया गया।

# कैच दा रेन कार्यक्रम के अंतर्गत - जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल की बबार्दी कम करने पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



टीबीसी न्यूज

**लोनी।** नेहरू युवा केन्द्र, गाजियाबाद, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान मे तथा उपनिदेशक, श्री देवेन्द्र कुमार के निर्देशन मे जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय जल मिशन के कैच दा रेन कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को जल सरंक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल की बबार्दी को कम करने पर श्री गांधी स्मारक इन्टर कॉलेज, मंडोला मे छात्रों के मध्य एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उपनिदेशक, श्री देवेन्द्र कुमार ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि हमारी पृथ्वी का लगभग दो तिहाई भाग जल से ढका हुआ है और अंतरिक्ष से देखने पर पानी की अधिकता के कारण नीली दिखाई देती है इसलिए पृथ्वी को नीले ग्रह के नाम से भी जाना जाता है हैं। लेकिन पृथ्वी पर कुल जल का लगभग 97% भाग समुद्रों में खारे पानी के रूप में पाया जाता हैं केवल 3% भाग ही पीने के योग्य जल के रूप में पाया जाता है जिसमे से लगभग 68.7% भाग ग्लेशियर के रूप में तथा भूमितल के के नीचे 30.1% भाग तथा 1.2 % भाग पृथ्वी तल के उपर पाया जाता है अर्थात पीने का पानी कुल पानी की अपेक्षा बहुत कम है। जल के अत्यधिक उपयोग तथा जल की बबार्दी के कारण भूगर्भ में जल का स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है।सभी युवाओं को अपने अपने घरों तथा गावों में जल संरक्षण तथा वर्षा के जल के संचयन के प्रति लोगो को जागरूक करना हैं। प्रधानाचार्य, श्री प्रेम सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि पहले गावों में पीने के पानी की व्यवस्था कुओं के माध्यम से होती थी जिसमे पानी की बबार्दी बहुत ही कम थी क्योंकि पानी को घर तक लाने में काफी मेहनत की आवश्यकता पड़ती थी लेकिन अब गांव में समरसेबल लग चुके हैं जो पानी की बबार्दी का एक बड़ा कारण है क्योंकि लोग समर्सिबल चलाकर सीधे पानी का उपयोग करते हैं ना कि उसको स्टोर करके उसका उपयोग करें।इसलिए सभी छात्रों को चाहिए कि वे गांवों में प्रधान से मिलकर जल संरक्षण तथा इसकी बबार्दी को कम करने के विरुद्ध एक मुहिम चलाएं तथा पृथ्वी के अंदर जल के स्तर को ऊंचा उठने के लिए गांव पंचायत स्कूलों में भी वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था पर ध्यान दें। कार्यक्रम के अंत में सभी को जल शपथ दिलाई गई तथा एक रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापकों श्री राकेश कुमार, श्री देवेंद्र कुमार सुभाष चंद्र, प्रमोद कुमार वर्मा तथा छात्रों सुहेब तनु सना आकाश गौतम अनस नेहा शिवानी गुंजन काजल लक्ष्मी स्वाति आदि ने भाग लिया कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ब्लॉक लानी के श्री तालिब ने किया।

# यह यात्रा नहीं बल्कि ये विकसित भारत का वो संकल्प है जिसे पूरा करना है: वीके सिंह



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** शनिवार को गाजियाबाद के माननीय सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह जी गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम ग्राम नेकपुर साबितनगर और धेदा की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। माननीय मोदी जी द्वारा आभासी के माध्यम से चण्डीगढ़, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़, बिहार और गुजरात के लाभार्थियों से उनका अनुभव साझा करते हुए वार्ता की। योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया।

केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने ब्लॉक मुरादनगर में नेकपुर साबितनगर और धेदा में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में निकाली जा रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर मौजूद आमजन को संबोधित करते हुए जनरल वी.के.सिंह ने कहा कि ये मात्र एक यात्रा नहीं बल्कि ये विकसित भारत का वो संकल्प है जिसको पूर्ण करने में भारत के करोड़ों नागरिकों का सेवा, समर्पण, संकल्प हैं जिनके जरिए भारत नई दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और जो अभी तक इन योजनाओं से नहीं जुड़े हैं उनको इससे जोड़कर उनका जीवन खुशहाल बनाना है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का कमाल है कि आज हर गरीब का जीवन न सिर्फ बदला बल्कि खुशहाल हुआ है। 2014 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था कि हर घर नल से जल पहुंचेगा, हर मां बहन को धुएं से मुक्त मिल पाएगी या गरीब आदमी जो 70 साल तक बैंक नहीं पहुंच पाया उसके लिए बैंक के द्वार खुलेंगे। 2014 एक गरीब मां के बेटे ने इस दर्द को समझा और आज हर घर तक पानी पहुंच रहा है, उज्जवला योजना के तहत आज माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्त मिल गई है और जन धन योजना ने हर किसी को बैंक से जोड़ दिया। आज गरीब से गरीब व्यक्ति को मोदी की गारंटी पर विश्वास है क्योंकि मोदी की गारंटी मतलब है कि हर काम के पूरा होने की गारंटी।

मोदी जी की सरकार में आज भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमारे गाजियाबाद परिवार में विकास के नए कीर्तिमान रचे हैं, आने वाले समय में गाजियाबाद वालों को फ्लाइट के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा, हिंडन एयरपोर्ट से वो आसानी से उड़ान भर सकेंगे।

# ब्राह्मण महाकुंभ में पहुंचे देश भर से हजारों ब्राह्मण

## धर्म की रक्षा के लिए ब्राह्मणों को एकजुट होना होगाः श्रीमहंत नारायण गिरि

टीबीसी न्यूज

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित इंदिरा प्रतिष्ठान गोमती नगर में गुरूवार को ब्राहमण महाकुंभ का आयोजन हुआ जिसमें देश भर से हजारों साधु-संतों व समाज के लोगों के अलावा कई मंत्रियों ने भी भाग लिया। ब्राहमण महाकुंभ का आयोजन अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा रा व संयुक्त विप्र मोर्चा द्वारा किया गया। ब्राहमण महाकुंभ में सनातन व ब्राहमणों पर हो रहे लगातार हमलों, उत्पीडन, उपेक्षा, तिरस्कार आदि का मुख्य कारण व निवारण क्या है विषय पर चर्चा की गई।





ब्राहमण महाकुंभ के मुख्य अतिथि कामद गिरि पीठाधीश्वर प्रख्यात कथा वाचक जगदगुरू राम स्वरूपाचार्य महाराज व शंकराचार्य सुमेरू पीठ वाराणसी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सनातन धर्म पर आज भले ही कितने भी हमले क्यों ना हो रहे हों, मगरजिस प्रकार सत्य को कभी भी समाप्त नहीं किया जा सकता है, उसी प्रकार सनातन धर्म को भी समाप्त नहीं किया जा सकता है।

धर्म की रक्षा में साधु-संत व ब्राहमण सबसे आगे रहे हैं। एक बार फिर उन्हें धर्म के लिए आगे आना होगा तभी पुनः विश्व गुरू की पदवी प्राप्त कर सकेंगे।

श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूनाइटिड हिंदू फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि आज सनातन धर्म की पूरे विश्व में लोकप्रियता बढ रही है और इसका श्रेय साधु-संतों व ब्राहमणों को है। सनातन धर्म की बढती लोकप्रियता धर्म विरोधी लोगों से सहन नहीं हो रही है।

इसी कारण वे सनातन धर्म व ब्राहमणों के खिलाफ लगातार हमले कर रहे हैं, मगर हमें इससे डरना नहीं है। हमें एकजुट होकर धर्म की रक्षा करनी है। हमें भगवान परशुराम से प्रेरणा लेनी है, जिन्होंने अधर्मियों व अत्याचारियों का विनाश किया।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, परिवहन मंत्री जयशंकर सिंह, अरूण पुरी महाराज, राज्यसभा सदस्य डॉ अशोक वाजपेयी, प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, भारतीय ज्योतिषाचार्य संघ के अध्यक्ष के.ए.दुबे पदमेश, सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा, सांसद मनोज तिवारी, सुदर्शन न्यूज के चेयरमैन सुरेश चौहान, बाल व्यास राम कथा वाचिका अनुष्का पाठक, पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी, राम कथा वाचक रमेश भाई शुक्ल, उद्योगपति पीयूष द्विवेदी, महंत गिरीशपति त्रिपाठी, महान स्वत्रंमता सेना बाजीराव पेशवा के प्रपोत्र प्रभाकर नारायण पेशवा, इंटरनेशनल शूटर पूनम पंडित, रवि चिन्मयानंद बापू महाराज, कथा वाचक घनश्याम दुबे, महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज, जन कल्याण फाउंडेशन की पुकार के अध्यक्ष हनुमान दास महाराज, स्वामी दिनेश गिरि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह, अधीर कौशिक आदि ने भी विचार व्यक्त किए। अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने सभी का स्वागत किया।

परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पं. विनय तिवारी, संरक्षक शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, प्रदेश संरक्षक मिथलेश दीक्षित, सुरेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव वीरेंद्र मिश्र विरही आदि ने भी सहयोग दिया। गाजियाबाद से पं. प्रदीप शर्मा, श्रवण शर्मा, अभिषेक शर्मा, मुकेश समेत सैकडों ब्राहमण भी ब्राहमण महाकुंभ में पहुंचे।

# 'रन फॉर ग्रीन दिल से' में आरएचएएम फाउण्डेशन ने दी एम्बुलेंस सेवा

### रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड, इन्दिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सेफरोन, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल एवं गाजियाबाद सनरेज का रहा विशेष सहयोग





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कनॉट प्लेस से दिल्ली गेट तक रन फॉर ग्रीन दिल से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को 12 किलोमीटर की दौड़ लगानी थी।

दौड़ में कोई दुर्घटना ना हो इसके लिए आरएचएएम फाउण्डेशन एवं अन्य सहयोगी रोटरी क्लब जिसमें दिल्ली ईस्ट एंड, इन्दिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सेफरोन, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल एवं गाजियाबाद सनरेज ने एंबुलेंस की व्यवस्था की हुई थी। कार्यक्रम के आयोजनों ने इसके लिए आरएचएएम फाउण्डेशन का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का ग्राम कुन्हैदा व आसादपुर नांगल में विधायक अजीत पाल अध्यक्षता में सम्पन्न

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम कुन्हैदा व ग्राम आसादपुर नांगल ब्लॉक मुरादनगर में मुख्य अतिथि माननीय विधायक अजीत पाल जी और ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी की अध्यक्षता किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों मदन यादव, मूलचंद, कृष्ण, राजेंद्र, सतपाल, विजयपाल, सहनसरपाल, बृजपाल, फूल सिंह, पदम सिंह आदि को सम्मानित किया गया। जिसमें किसान विजयपाल व मदन कुमार यादव ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। ड्रोन द्वारा उर्वरक स्प्रे का प्रदर्शन किसान राजकुमार के सरसो के खेत पर कराया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ - तेरी मिट्टी में मिल जावा, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

# महापौर ने शहर में 14 करोड़ 90 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## विकास कार्य मे लापरवाही या कोई भी अनियमितता नही होगी बर्दाश्त:महापौर

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल ने वसुंधरा जोन,मोहन नगर जोन,सिटी जोन एवं कविनगर जोन में 14करोड़ 90 लाख के निर्माण कार्यो के शिलान्यास किया जिसमे पार्षद प्रवीण चौधरी,पार्षद शीतल देओल,पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद श्री भगवान अग्रवाल, पार्षद प्रतिभा शर्मा,पार्षद सतेन्द्र चौधरी,पार्षद नरेश भाटी,पार्षद राज कुमार नगर,पार्षद अजय शर्मा,पार्षद पवन कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उपरोक्त निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि के हैं जिनसे शहर के विकास में चार चांद लगेंगे इसके लिए क्षेत्रीय पार्षद एवं स्थानीय लोगो ने महापौर का भव्य स्वागत एवं धन्यवाद प्रकट किया। शिलान्यास के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि आप सभी के क्षेत्र के पार्षद लगातार प्रयास कर विकास कार्य करवा रहे है आप सभी की शिकायत सुनकर कार्य को अंजाम दे रहे है और हम इसी प्रकार विकास कर रहे है शहर में इसी प्रकार भविष्य में विकास होंगे,किसी भी वार्ड को कमजोर नही छोड़ा जाएगा सभी का विकास एक समान होगा,नगर निगम की मूल सुविधा हर व्यक्ति को प्राप्त होगी एवं उपरोक्त निर्माण कार्यो की देख रेख मा. पार्षद एवं आप सभी की है किसी प्रकार की निर्माण में लापरवाही या अनियमितता दिखे तो तत्काल मुझे अवगत कराया जाए यह सब कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा।





**निर्माण कार्यो का विवरण**

1. वार्ड 36,74,54 वसुंधरा जोन में सेक्टर 10 पानी की टंकी से सड़क क्रोस कर सेक्टर 11 होकर नहर सर्विस रोड तक व महावीर चौक से नहर सर्वोस रोड व परशुराम चौक से नहर सर्विस रोड तक व अटल चौक से गुरुद्वारा मार्ग तक आर सी सी द्वारा नाला निर्माण कार्य लगे 4 करोड़।

2.वार्ड 97 रामप्रस्थ व चंद्रपुरी में ब्रिज विहार रोड से नगर निगम जन सेवा केंद्र व शांति मार्ग व महाराणा प्रताप मार्ग व दिल्ली बॉर्डर से रेलवे लाइन के पास तक मुख्य सड़क निर्माण कार्य लागत 70 लाख।

3.वार्ड 10 डी एल एफ कॉलोनी में डी 1 से डी 5/11, 1/11,1/56 सड़क व नाली निर्माण कार्य लागत 11लाख।

4.वार्ड 10 डी एल एफ व पप्पू कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य लागत 9 लाख।

5.वार्ड 9 में शिबनपुरा गुरुद्वारा से लाल चौक तक सड़क निर्माण कार्य लागत 35 लाख।

6.वार्ड 84 आर डी सी में पिंक शौचालय से हिंट चौक तक सड़क निर्माण कार्य लागत 61 लाख।

7. वार्ड 84 राज नगर में सेक्टर 3,6,9,11,13 व 14 मुख्य मार्गो पर डेन्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य लागत 1 करोड़ 55 लाख।

8.वार्ड 67 संजय नगर भारतीय स्टेट बैंक से यशोदा हॉस्पिटल होते हुए फार्च्यून होटल तक क्षतिग्रस्त नाला निर्माण कार्य लागत 72 लाख।

9.वार्ड 65 डायमंड तिराहे से विवेकानंद नगर तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य लागत 1 करोड़ 3 लाख।

10.वार्ड 24 बुलंदशहर रोड इण्ड. एरिया में आई एम एस कॉलेज से रोड न 4 बड़े नाले तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य लागत 5 करोड़ 34 लाख।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.